

# अब दोपहिया वाहन पर भी लगेगा 'व्हील लॉक'

- ट्रैफिक पुलिस ने खरीदे 400 व्हील लॉक
- गलत पार्किंग पर होगी तुरंत कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. ट्रैफिक पुलिस अब नो पार्किंग में खड़े दोपहिया वाहनों को केवल क्रेन से नहीं उठाएगी, बल्कि मौके पर ही व्हील लॉक भी लगाएगी. इसके लिए विभाग ने 400 नए टू-व्हीलर व्हील लॉक खरीदे हैं. कार्रवाई अब और तेज होने के साथ ही पेनल्टी और सख्त होने वाली है.**



पुलिस उपायुक्त जोन-4 आनंद कलादगी ने बताया कि शहर में लगातार बढ़ती गलत पार्किंग और यातायात दबाव को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने अब दोपहिया वाहनों पर भी लॉकिंग सिस्टम लागू कर दिया है. 400 दोपहिया लॉक और 200 चारपहिया लॉक खरीदे हैं. ये लॉक शहर में घूमने वाली क्रेनों के पास रहेंगे ताकि मौके पर ही वाहन लॉक कर जुर्माना वसूला जा सके. बजट मिलने के बाद ट्रैफिक विभाग ने इस बार सिर्फ व्हील लॉक ही नहीं, बल्कि 100 पीओएस मशीनें, 50 ब्रीथ एनालाइजर मशीनें और 40 बॉडी वॉर्न कैमरे भी खरीदे हैं. पलासिया में हुए लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर संदीप कुमार सिंह ने इनका लोकार्पण किया.

### टायर पंचर करने की क्षमता रखते हैं नए लॉक

पुलिस उपायुक्त का कहना है कि पुराने चारपहिया लॉक में शिकायत थी कि चालक वाहन को रिवर्स लेकर भाग निकलते थे, जिससे लॉक टूट जाते थे. अब नए लॉक टायर पंचर करने की क्षमता रखते हैं. यानी लॉक लगाने के बाद वाहन खिसकाने की कोशिश भी बेकार है. नए पीओएस से ऑन स्पॉट चालान होंगे. 35 मशीनें थाने की पुलिस को दी जाएंगी, ताकि शहरभर में ई-चालान सिस्टम मजबूत हो सके. वहीं ब्रीथ एनालाइजर से नशे में ड्राइविंग पर सख्ती बढ़ेगी और बॉडी वॉर्न कैमरे ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई को पारदर्शी बनाएंगे. पुलिस उपायुक्त का कहना है कि सख्त कार्रवाई के बाद अब गलती करने वालों की जेब भी ढीली होगी और सड़कें भी खाली, गलत पार्किंग के दिन अब नए-व्हील लॉक तैयार हैं.

# तीन दिन से घूम रहा तेंदुआ आखिर पिंजरे में हुआ कैद

- सहारा सिटी और आसपास के रहवासियों की दहशत हुई खत्म

**इंदौर. देवगुराड़िया बायपास रोड स्थित सहारा सिटी और आसपास के क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से दहशत का कारण बने तेंदुए को आखिरकार वन विभाग ने पकड़ लिया. देर रात रालामंडल रेस्क्यू टीम द्वारा लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया. माना जा रहा है कि देर रात शिकार की तलाश में घूमते हुए तेंदुआ पिंजरे तक पहुंचा और अंदर चला गया.**

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में तेंदुए के पंजों के निशान मिलने के बाद उसके मूवमेंट की पुष्टि हुई थी. इसके बाद से विभाग



लगातार निगरानी कर रहा था. आसपास की कॉलोनियों से भी तेंदुए के दिखने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं. हालात को देखते हुए सहारा सिटी इलाके में पिंजरा लगाया था और रहवासियों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई थी. स्थानीय लोगों वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया था कि तेंदुए के साथ उसके दो शावकों की मौजूदगी भी देखी गई है. इसी आशंका के चलते वन विभाग ने आसपास के जंगल और रिहायशी इलाकों में सर्चिंग और निगरानी बढ़ा दी है.

डीएफओ प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि सहारा सिटी के आसपास करीब 85 एकड़ में घना जंगल है, जहां नीलगाय समेत अन्य वन्यप्राणियों का मूवमेंट रहता है. कुछ समय पहले इसी इलाके में तेंदुए द्वारा कुत्तों का शिकार किए जाने की पुष्टि भी हुई थी. पकड़े गए तेंदुए की उम्र करीब चार साल बताई जा रही है. उसे मेडिकल परीक्षण के लिए चिड़ियाघर भेजा गया है. सब कुछ सामान्य रहने पर दूरस्थ जंगल में छोड़ा जाएगा.

# ठेकेदार के बेटे ने पिता की बेइज्जती का बदला लेने किया था फायर

- पार्किंग संचालक पर गोली चलाने के मामले का खुलासा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** राऊ इलाके में पार्किंग विवाद के बाद हुए गोलीकांड में आरोपी की पहचान हो गई है. उज्जैन के रेलवे ठेकेदार के बेटे ब्रजराज गुर्जर और उसके साथी ने पार्किंग संचालक को गोली मारी थी. पुलिस दोनों को ट्रेस कर चुकी है, लेकिन वे फरार हैं.

ज्ञात हो कि 13 दिसंबर को रंगवासा स्थित भूतनाथ मंदिर पार्किंग में विवाद के बाद पार्किंग संचालक विनय रामचंद्र पाटीदार को दो बदमाश स्कूटर से आकर गोली मारकर भाग गए थे. शुरुआती जांच में पुलिस को घटनास्थल और आसपास लगे कैमरों से फुटेज मिले, जिनके आधार पर आरोपियों की पहचान आगे बढ़ी. जांच में सामने आया कि पार्किंग विवाद एक दिन पहले हुआ था. उज्जैन के रेलवे ठेकेदार गुर्जर का कहना है कि पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर बहस हुई थी. इस दौरान कथित रूप से अपशब्द कहे जाने पर उसका बेटा ब्रजराज गुर्जर नाराज हो गया. इसी के बाद उसने साथी के साथ योजना बनाकर अगले दिन रंगवासा पहुंचकर विनय पाटीदार पर गोली चला दी. दोनों आरोपियों ने घटना के दौरान मुंह पर कपड़ा बांध रखा था और स्कूटर से आए थे. वारदात के बाद वे इंदौर से उज्जैन की ओर भागे. सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने दोनों की पहचान की है. ब्रजराज गुर्जर के खिलाफ पुराना आपराधिक रेकॉर्ड होने की बात भी सामने आई है. फिलहाल आरोपी फरार हैं. पुलिस ने उनके घर और संभावित ठिकानों पर दबिश दी है. उज्जैन पुलिस को भी जानकारी साझा की गई है. पुलिस का कहना है कि तकनीकी आधार पर आरोपियों की हर गतिविधि ट्रैक की जा रही है. जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई गई है.

# राजा रघुवंशी हत्याकांड : मुख्य आरोपी सोनम ने फिर मांगी जमानत

- कोर्ट में कहा... 'प्रेम प्रसंग वाला पूरा केस झूठा'

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. देशभर में सुर्खियों में रहे इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में अहम मोड़ आ गया है. केस की मुख्य महिला आरोपी ने एक बार फिर जमानत की मांग रखी. सुनवाई के दौरान उसने दावा किया कि उस पर लगाया गया प्रेम प्रसंग का एंगल झूठा है और मामले में उसे गलत तरीके से फंसाया गया है.**

सोनम ने कोर्ट में दलील है कि पुलिस पूरे केस को 'लव अफेयर' की कहानी बनाकर पेश कर रही है,




जबकि अब तक अदालत में जिन दो गवाहों की गवाही हो चुकी है, उनमें ऐसा कुछ सामने नहीं आया. कोर्ट में बयान देने वाली प्रियांशी जैन ने साफ कहा कि महिला सह आरोपी राज सिंह कुशवाहा को राखी बांधती थी और वह उसे बहन मानता था. युवती का कहना है कि जब रिश्ता भाई बहन जैसा था तो हत्या का आरोप प्रेम प्रसंग से कैसे जोड़ा जा सकता है. जमानत अर्जी में यह भी कहा गया कि वह राजा रघुवंशी से शादी को लेकर बेहद खुश थी. तैयारियों और शॉपिंग में उसने खुद भाग लिया था. उसका दावा है कि राजा से कोई नाराजगी या विवाद नहीं था, इसलिए हत्या का सवाल ही नहीं उठता.

आरोपी सोनम ने अदालत में कहा कि वह छह महीने से शिलांग जेल में बंद है, मानसिक और सामाजिक दबाव में है और लंबी सुनवाई तक जेल में रहना 'पहले से ही सजा' जैसा है. उसका कहना है कि चार्जशीट लग चुकी है, केस कोर्ट में चल रहा है, सबूत सुरक्षित हैं और ऐसे में छेड़छाड़ की कोई संभावना नहीं. सोनम का तर्क है कि वह इंदौर के कारोबारी परिवार से आती है, कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है और न ही फरार होने की स्थिति है. उसने भरोसा दिलाया कि जमानत मिलने पर वह कोर्ट में हर तारीख पर हाजिर रहेगी. यह उसकी तीसरी जमानत याचिका है.

### अब तक क्या हुआ इस केस में

3 जून 2025 को राजा रघुवंशी का शव मिलने के बाद भाई विपिन रघुवंशी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज हुआ था. 9 जून को आरोपी युवती सोनम को इंदौर से गिरफ्तार कर शिलांग जेल भेजा गया था. 5 सितंबर को चार्जशीट पेश हुई और 28 अक्टूबर को कोर्ट ने धारा 103(1), 238(ए), 309(6) और 3(6) बीएनएस के तहत आरोप तय किए. केस में 90 गवाह पेश होने हैं, जिनमें से दो की गवाही चल रही है. अब अदालत तय करेगी कि आरोपी को जमानत मिलेगी या ट्रायल पूरा होने तक जेल में ही रहना होगा.

## एक नजर में

### जैन पत्रकार अवार्ड समारोह 29 मार्च को उज्जैन में



इंदौर. जैन पत्रकार परिषद के तत्वावधान में 29 मार्च 2026 को जैन पत्रकारों का सम्मान समारोह महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित किया जाएगा. यह आयोजन आचार्य विश्वरत्न सागर सुरिश्वर जी के दिव्य आशीष एवं मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के इतिहास में प्रथम बार आयोजित किया जाएगा. यह जानकारी प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ ने दी. उन्होंने बताया कि इस गरिमामय कार्यक्रम में प्रदेश भर के पत्रकार शामिल होंगे. सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में निवासरत जैन पत्रकार जिन्होंने अपनी कलम की धार से शासन एवं प्रशासन में बैठे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को जनहित के मुद्दे उठाकर जनहित में उल्लेखनीय कार्य कर शासन एवं प्रशासन द्वारा अवार्ड दिया गया हो या किसी सामाजिक संगठन द्वारा अवार्ड दिया हो या किसी पत्रकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई हो या जिन्होंने समाज सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर उल्लेखनीय कार्य करने पर अवार्ड से सम्मान किया हो, ऐसे पत्रकारों को अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### गोसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं : साध्वी कृष्णानंद



महू. राधा कृष्ण गोशाला तेलीखेड़ा महू में गोसेवा के उद्देश्य से महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद की शिष्या साध्वी कृष्णानंद का आगमन हुआ. इस अवसर पर गोशाला अध्यक्ष राधेश्याम यादव एवं सचिव ओमप्रकाश महेश्वरी ने अपने साथियों के साथ साध्वी का स्वागत किया. साध्वी कृष्णानंद ने अपने संबोधन में कहा कि गोसेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती. गाय हमारी मां के समान है और उनकी सेवा करने से जीवन में पुण्य एवं संस्कारों की वृद्धि होती है. उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के अनुयायियों को गोसेवा जैसे पवित्र कार्यों के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए तथा समाज में इस भावना को जागृत करना चाहिए. कार्यक्रम के दौरान गोशाला के कार्यों की सराहना की गई और उपस्थितजनों ने गोसेवा में निरंतर सहयोग का संकल्प लिया. इस अवसर पर विपुल सिंगल, हरि अग्रवाल, केदार गोयल, जितिन गोयल, आशीष बंसल, किशोर शर्मा सहित अनेक गोसेवक उपस्थित थे.

### मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल भाषण स्पर्धा में चैंपियन




महू. बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा प्रथम से पंचम तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर स्कूल अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई. इसमें समग्र रूप से सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त कर मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सेंट मैरी गर्ल्स स्कूल प्रथम उपविजेता रहा. वहीं, दूसरे दिन कक्षा छठी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई. इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न समसामयिक विषयों पर निर्धारित समय में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया. इस प्रतियोगिता में भी मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल ने सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बेलवेदर इंटरनेशनल विद्यालय उपविजेता रहा. प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती श्वेता खंडेलवाल थीं. इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मंजुला पटेल एवं निदेशक सुनील पाटीदार, विजय पटेल व गौरव शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रभावी अभिव्यक्ति एवं नेतृत्व गुणों के विकास में सहायक होती हैं.

# कंडक्टर की संदिग्ध अवस्था में मौत, बस के नीचे मिला शव

**इंदौर. एमआईजी इलाके में बुधवार सुबह रोबोट चौराहे के पास एक बस के नीचे युवक का शव मिला. मृतक की शिनाख्त इंदौर-शिर्डी-पुणे रूट पर चलने वाली बस के कंडक्टर सचिन पिता सुखदेव निवासी बड़गांव, जिला बड़वानी के रूप में हुई है. मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि देर रात ड्राइवर रत्न और सचिन ने जमकर शराब पी. नशे में दोनों के बीच कहासुनी हुई और बस के अंदर धक्का-मुक्की के दौरान सचिन सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया. सिर में चोट आने के बाद भी वह बस के बाहर ही बैठा रहा. बताया जा रहा है कि सचिन दिनभर शराब पी रहा था और कुछ खाया भी नहीं था. बस खराब होने से दोनों रातभर वहीं रुके थे. ड्राइवर ने रात 3 बजे घटना की जानकारी बस मालिक को भी दी, लेकिन कंडक्टर अंदर नहीं आया. सुबह कड़ाके की ठंड में सचिन की मौत हो गई. पुलिस का अनुमान है कि चोट और ठंड की वजह से उसकी जान गई होगी, हालांकि असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगा. शव एमवाय अस्पताल भेजा गया है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

# शिवाजी नगर की टेक्सटाइल फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का माल खाक

**इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर इलाके में देर रात एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री में रखा कच्चा माल, कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख हो गया. गनीमत रही कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई.**

फायर ब्रिगेड एसआई सुशील कुमार दुबे ने बताया कि घटना रात करीब 11 बजे भावना टेक्सटाइल्स नाम की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं.तब तक आग फैक्ट्री के



अंदर फैल चुकी थी. आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को करीब तीन घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी. इस दौरान करीब 20 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग को पूरी तरह बुझाया. प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है. आग में फैक्ट्री में रखा कच्चा मटेरियल, कपड़ा और अन्य जरूरी सामान जल गया, जिससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है. फैक्ट्री भावना जैन की है. आग की सूचना मिलते ही जैन परिवार के सदस्य भी देर रात मौके पर पहुंच गए थे. घटना के समय फैक्ट्री बंद थी और सभी कर्मचारी घर जा चुके थे. फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और मामले की जांच जारी है.

# नगर रक्षा समिति सम्मेलन : बेहतर कार्य पर सम्मान

- सम्मेलन में 600 सदस्य, ट्रैफिक प्रहरी और अधिकारी उपस्थित रहे

**इंदौर. नगर रक्षा समिति के सदस्यों का वार्षिक प्रशिक्षण सेमिनार और सम्मान समारोह रक्षित केन्द्र में आयोजित हुआ. कार्यक्रम पुलिस आयुक्त की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. इसमें समिति के 600 सदस्य, ट्रैफिक प्रहरी और अधिकारी उपस्थित रहे.**




सेमिनार में समिति सदस्यों और ट्रैफिक प्रहरियों को सीपीआर की ट्रेनिंग दी गई. बॉम्बे हॉस्पिटल टीम ने बेसिक लाइफ सपोर्ट और आपात स्थिति में उपचार की उपयोगी जानकारी दी. साथ ही डायल-112 की टीम ने नई कार्यप्रणाली और मौके पर किए जाने वाले तुरंत एक्शन का लाइव डेमो दिया.पुलिस आयुक्त ने नगर सुरक्षा समिति को सामुदायिक पुलिसिंग की अहम कड़ी बताते हुए कहा कि शहर में त्यौहारों, कानून-व्यवस्था और यातायात संचालन में समिति सदस्यों ने लगातार सराहनीय भूमिका निभाई है. पुलिस के साथ समन्वय बढ़ाने और जागरूकता विस्तार में उनकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है. कार्यक्रम में सदस्यों को सुरक्षा किट (जैकेट, डंडा, सिटी आदि) प्रदान की गई. वर्षभर उत्कृष्ट सेवा देने वाले समिति सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. अंत में पुलिस अधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त कर जिम्मेदारी के साथ आगे भी योगदान देने की अपील की.

# इंदौर से लापता छात्र की देवास रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

**इंदौर.** राऊ क्षेत्र से गुम हुए छात्र का शव देवास रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर मिला है. पुलिस मौत को लेकर दुर्घटना या आत्महत्या, दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है.

राऊ थाना क्षेत्र से 15 दिसंबर को लापता हुए छात्र आर्यन की मौत हो गई है. आर्यन 16 वर्ष का था और बिना बताए घर से निकल गया था, जिसके बाद परिवार ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी. रिपोर्ट के बाद राऊ पुलिस ने परिजनों के साथ छात्र की तलाश की थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. इसी दौरान देवास रेलवे पुलिस ने सूचना दी कि रेलवे ट्रैक पर एक किशोर का शव मिला है. मौके से मोबाइल बरामद होने पर नंबर के आधार पर परिजनों से संपर्क किया. पहचान की पुष्टि होने पर राऊ पुलिस ने देवास पहुंचकर मामले की जानकारी ली. शव रेलवे लाइन पर मिलने से घटना की जांच देवास रेलवे पुलिस कर रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा. मामले में मोबाइल कॉल डिटेल निकाली जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि छात्र ने 15 दिसंबर को किन-किन से बात की थी और उसकी आखिरी कॉल किससे हुई थी. पुलिस का कहना है कि कॉल डेटा और लोकेशन से घटनाक्रम की कड़ी जोड़ने में मदद मिलेगी.

**समस्या** कचरे के ढेर और गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं वार्ड 54 के रहवासी


# बैक लाइन में लगे कचरे के ढेरों से फैल रहीं तरह-तरह की बीमारियां



इंदौर. शहर में बैक लाइनों की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है, फिर भी कॉलोनाईजर और कॉलोनी सेल अधिकारियों द्वारा बड़ी लापरवाई बरतते हुए शहर के आस-पास बसी कॉलोनियों में बैक लाइन को लेकर कोई योजना नहीं बनाई, जिसका खामियाजा क्षेत्रवासियों का भुगतना पड़ रहा है.

बैक लाइन की समस्या से जुड़ा एक मामला वार्ड क्रमांक 54 से सामने आया है. इस वार्ड में अधिकांश निम्न और मजदूर वर्ग के लोग निवास करते हैं. मूसाखेड़ी क्षेत्र में पड़ने वाले इस वार्ड के बीस वर्ष पुराने इदरीस नगर में बैक लाइन आज तक नहीं बन पाई है. कॉलोनाईजर ने पैसों के लालच में घरों के पीछे बैक लाइन की जगह इतनी कम छोड़ी है कि उसमें लाइन ही नहीं डाल सकते. बैक लाइन में कचरे का अंबार लग जाता है. इन कचरे के ढेरों को निगम कर्मी समय पर साफ भी नहीं करते हैं. बरसात के दिनों में तो बैक लाइन में जमा कचरे से उठने वाली दुर्गंध से लोगों का जीना दूभर हो जाता है. इतना ही नहीं, बरसात होते ही बैक लाइन की गंदगी सडकों पर बह कर जम जाती है. ऐसे में गंदगी से कई तरह की बीमारियां हो जाती हैं और रहवासी परेशान होते रहते हैं.


### यह बोले रहवासी...



बैक लाइन में गंदगी का ढेर लगा रहता है, उसकी नियमित सफाई नहीं की जाती, ऐसे में उसमें कीड़े-मकोड़े पनपते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी ध्यान ही नहीं देते, जबकि हम हर तरह का टैक्स भी भरते हैं.

**- मोहम्मद रमजान खान**


घरों के पीछे बैक लाइन की गंदगी और घरों के सामने सीवरेज लईन की मुसीबत से हम लोग परेशान हैं. शिकायत करने के



बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है. पूरे क्षेत्र में जहरीले कीड़े-मकोड़े और मच्छर फैल रहे हैं.

**- दशरथ राणा**


क्षेत्र की पूरी बैक लाइनें कचरे से भरी पड़ी हैं. कई बार शिकायत



की, लेकिन कर्मचारी कहते हैं कि अंदर जाने की जगह नहीं, जबकी ऐसा नहीं है. दरअसल, कर्मचारी बैक लाईन में अंदर घुसना ही नहीं चाहते हैं.

**- मोहन लाल सांवले**

बैक लाइन में अतिक्रमण के



कारण नहीं डल पा रही सीवरेज लाइन

क्षेत्र की बैक लाइन में लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है. ऐसे में अब वहां सीवरेज लाइन नहीं डल सकती. घरों के आगे जो सीवरेज लाइन डल रही है, हम उसमें घरों की लाइन जोड़ देंगे.

**- महेश बसवाल, पार्षद**